# रणजीत टाइम्स

इंदौर

गुरुवार , 26 जून, 2025

वर्ष 01 | अंक 162 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# दलित महिलाओं पर हुवे जानलेवा हमले के मामले में DIG ग्रामीण से मिले दलित नेता

## हमले में घायल पीड़ितों से हॉस्पिटल मिलने पहुंचे थे दलित नेता मनोज परमार

**आदित्य शर्मा 8224951278**













इन्दौर जिले की तहसील देपालपुर के ग्राम गिरोडा में निवास करने वाली विधवा कलाबाई सिसोदिया पति स्वर्गीय बाबूलाल जी सिसोदिया की 7 बेटियां संगीता, सीमा, श्यामा, ममता, जूली, अलका, मल्लिका, पर गांव के दबंगों द्वारा जमीन विवाद को लेकर जानलेवा हमला किया गया ।

5 जून 2025 को ग्राम गिरोड़ा की विवादित 1 बीघा जमीन का फैसला SDM न्यायालय द्वारा कलाबाई के पक्ष में आया और इसी जमीन की बोवनी करने 25 जून को कलाबाई अपनी बेटियों संगीता, सीमा, श्यामा, ममता, जूली, अलका, मल्लिका, के साथ अपने खेत पर बोवनी कर रही थी इसी दौरान गांव के दबंगों चिंतामन सिंह, मोतीसिंह, हरि सिंह, यशोदा, जसपाल, प्रभु, और अन्य अज्ञात लोगों ने लाठी चाकू तलवारों से जानलेवा हमला कर दिया ॥ सभी बहनों को दबंगों द्वारा निर्ममता से मारा गया ॥ जूली सिसौदिया जो कि शासकीय अध्यापक हैं उसके दोनों हाथ तोड़ दिये । ममता सिसौदिया जो कि पुलिस भर्ती की तैयारी कर रही थी उसने बीते दिनों कॉम्पिटिशन एग्जाम दी थी उसके पैरों पर आरोपी तब तक लाठियां मारते रहे जब तक वह पूरी तरह टूट नहीं गया ॥ मल्लिका सिसौदिया के पैरों में चाकु मारे गए और उसकी पसलियां तोड़ दी ॥ एक अन्य बेटी अलका जो कि अपनी मां और बहन को बचाने आई थी उसका कंधा तोड़ दिया उसके पूरे बदन पर लाठियों के निशान मौजूद थे ॥

कलाबाई का भी हाथ तोड़ दिया गया और उसके सिर में कुल्हाड़ी से वार किया जिससे सिर बुरी तरह जख्मी हो गया ॥ कलाबाई की एक अन्य बेटी संगीता परमार के सिर पर तलवार से वार किया गया जिससे उसके सिर में 16 से 18 टांके आयें । घटना की जानकारी पीड़ित परिवार ने अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को दी । परमार महासंघ के पदाधिकारियों के साथ स्कीम नंबर 78 स्थित आशादीप हॉस्पिटल पहुंचे और घायलों से मिलकर वहीं से ग्रामीण ig अनुराग जी एवं ग्रामीण sp हितिका वासल से फोन पर चर्चा कर घटना की जानकारी दी तत्पश्चात अपने पदाधिकारियों के साथ ग्रामीण dig निमिष अग्रवाल से मिलने कार्यालय पहुंचे ।

दलित नेता मनोज परमार के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारियों के साथ डीआईजी ग्रामीण निमिष अग्रवाल से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी दी और मांग की आरोपियों पर धारा 109 के तहत प्रकरण दर्ज कररासुका लगाई जाए और उनके मकान जमींदोज किए जाए ॥ साथ ही थाना देपालपुर पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस ने आरोपियों से सांठगांठ कर ली है इसलिए आरोपियों पर अभी तक प्राणघातक हमले का अपराध पंजीबद्ध नहीं किया गया । उलटा पुलिस द्वारा फरियादी महिलाओं को धमकाया जा रहा है कि अब जमीन पर मत जाना नहीं तो आपको कोई बचाने नहीं आएगा ॥ परमार ने ज्ञापन देते हुए बताया कि देपालपुर पुलिस की लापरवाही इस हद तक आ गई है कि आरोपी की गिरफ्तारी तो दूर मामले को रफा दफा करने में जुट गई है ॥ डीआईजी ग्रामीण निमिष अग्रवाल ने आश्वस्त किया है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे । इस दौरान मुख्य रूप से संगीता पाटोदी, विमला भंडारी, सुनीता ठाकुर, नर्मदा गुर्जर, अश्विनी सिरसाट, सिमरन सिंह, पायल विश्वकर्मा, ऋषिता गुर्जर, सफाई कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास पथरोड, संतोष अलोने, लक्ष्मण खेड़े, धर्मेन्द्र गुर्जर, लखन पिपरे, आशुतोष गिरनार, अमित चिनाल, गौरव वानखेडे, राज परमार, विकाश पटेल, अंकित मालवीय, विक्की परमार, सुरेश सिंह भदोरिया, लखन जाधव, ऋषित मालवीय ,गोलू मालवीय, विशाल सारवान, रवि यादव, सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे ॥

## नशे के खिलाफ कार्रवाई में शिवपुरी को तीसरा स्थान: इस साल 2.32 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, सीएम ने की सराहना

ऋषि गोस्वामी

मध्यप्रदेश में नशे के खिलाफ चल रही मुहिम में शिवपुरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से आयोजित प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक में शिवपुरी को इस अभियान में बेहतरीन कार्रवाई के लिए प्रदेश में तीसरा स्थान मिला। वर्चुअल बैठक में मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की सख्त और निरंतर कार्रवाई जारी रहनी चाहिए।

### राज्य की सबसे बड़ी स्मैक बरामदगी हुई थी

बैठक के दौरान 17 अप्रैल 2025 को शिवपुरी कोतवाली पुलिस द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई का उल्लेख किया गया। कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड़ और उनकी टीम ने राजस्थान के अंतरराज्यीय तस्कर गुलाबचंद तंवर को 232 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। जब्त की गई स्मैक की बाजार कीमत करीब 65 लाख 40 हजार रुपए थी। इस कार्रवाई को प्रदेश की टॉप-5 नशा विरोधी कार्रवाइयों में शामिल किया गया है। अब तक 2.32 करोड़ का माल जब्त पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में शिवपुरी पुलिस ने वर्ष 2025 में अब तक नशे के खिलाफ संगठित और सख्त कार्रवाई की है। अब तक कुल 2 करोड़ 32 लाख रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। इनमें 1 किलो 26 ग्राम स्मैक (1.49 करोड़ रुपए), 900.65 किलोग्राम गांजा (1.70 लाख रुपए), 3 किलोग्राम अफीम (73.62 लाख रुपए) और 32,039 लीटर अवैध शराब की जब्ती शामिल है।



### मुख्यमंत्री ने सराहा शिवपुरी मॉडल

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि नशे के सौदागरों के खिलाफ किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिवपुरी पुलिस की इस सतत और प्रभावी कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए इसे अन्य जिलों के लिए मिसाल बताया। इस मुहिम के चलते शिवपुरी जिले की छवि एक ऐसे क्षेत्र के रूप में बन रही है जो नशे के खिलाफ सख्ती से खड़ा है।

## गाली देने से रोकने पर युवक से की मारपीट, CCTV: शिवपुरी में बचाने आए दो लोगों को भी पीटा; 4 बदमाशों पर FIR

ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी के खुड़ा बस्ती में गाली देने से रोकने पर एक बदमाश ने अपने साथियों के साथ युवक से मारपीट की। विरोध करने पर उसने अपने चार साथियों को बुला लिया और सभी ने मिलकर युवक की पिटाई कर दी। बचाने आए दो अन्य लोगों को भी पीट दिया। घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शुक्रवार को इसका सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। जानकारी के अनुसार नितिन परिहार नशे की हालत में हेमंत जाटव को गालियां दे रहा था। विरोध करने पर नितिन ने अपने साथी जतिन परिहार, लोकेन्द्र शाक्य, अनिकेत रावत और प्रदीप रावत को बुला लिया। सभी ने मिलकर हेमंत जाटव की पिटाई कर दी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे छोटा लोडिंग वाहन चालक हेमंत गोस्वामी और उनके दोस्त प्रताप परिहार ने बीच-बचाव की कोशिश की तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई। कोतवाली पुलिस ने चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## तहसील मिलक पहुंचकर नव उपजिलाधिकारी आदरणीय श्री आनंद कुमार कनौजिया जी को राधा कृष्ण की तस्वीर भेंट की, लालता प्रसाद गंगवार समाजसेवी जिला अध्यक्ष



रामपुर मिलक। दिनांक 27 जून 2025 को भारतीय किसान यूनियन सुनील के जिला अध्यक्ष समाजसेवी लालता प्रसाद गंगवार समाजसेवी ने अपने पदाधिकारियो के साथ मिलक के नवनियुक्त उपजिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया जी का तहसील परिसर पहुंचकर उनके कार्यालय पर राधा कृष्ण की तस्वीर भेंट कर भव्य स्वागत किया जिला अध्यक्ष लालता प्रसाद गंगवार समाजसेवी ने जनपद रामपुर तहसील मिलक की विभिन्न समस्याओं से उपजिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया।

भारतीय किसान यूनियन सुनील के जिला अध्यक्ष लालता प्रसाद गंगवार ने कहा हम आशा ही नहीं विश्वास करते हैं, नए उपजिलाधिकारी मिलक तहसील के किसान मजदूर और गरीब जनता के दुख दर्द में हमेशा आगे रहेंगे, भूमाफियाओं पर लगाम लगाने का काम करेंगे, वह लालता प्रसाद समाजसेवी जिला अध्यक्ष ने एसडीएम साहब को बताया क्षेत्र में किसान और गरीब जनता की अनेक प्रकार की समस्याएं, उपजिलाधिकारी ने कहा हम आपका सहयोग करेंगे, भूमाफियाओं पर होगी कानूनी कार्रवाई होगी जल्द चलेगा बुलडोजर एसडीएम साहब में आश्वासन दिया आपकी समस्याओं को जल्द सुना जाएगा, इस मौके पर मौजूद रहे राकेश कुमार गंगवार एडवोकेट, महावीर गंगवार, विजयपाल गंगवार, मुन्ना लाल गंगवार और आदि लोग मौजूद रहे।

## विधायक ने सहरिया कृषिकों को उड़द मिनी किट का किया वितरण




जगदीश पाल

पिछोर (शिवपुरी) पिछोर क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने 27 जून शुक्रबार को दोपहर 12:00 बजे कृषि विभाग कार्यालय में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन दलहन योजना अंतर्गत लघु/सीमांत अनुसूचित जनजाति के 125 कृषिकों को 4 किलो उड़द मिनिकिट का वितरण किया गया ! साथ ही कृषक भाईयों को विभाग के कर्मचारियों द्वारा आत्मयोजना अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण भी दिया गया,जिसमें खरीफ फसलों की बुवाई की तैयारी खाद उर्बरक की मात्रा,मृदा परीक्षण उन्नतशील किस्म विजोपचार एवं प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार पूर्वक से जानकारी दी गई !साथ ही पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हेमंत ओझा द्वारा पशुओं के टीकाकरण पशु बीमा के बारे में भी जानकारी दी गई ! इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि के.पी.कुशवाहा,सुनील लोधी, आशीष चौधरी, रंजीत रहोरा, सौरभ पाठक, आदि उपस्थित थे !विधायक द्वारा कृषि विभाग कार्यालय में आदिवासी सहरिया कृषकों को कृषि विभाग द्वारा उडद मिनीकिट का वितरण किया गया तथा आत्मा योजना अंतर्गत क्षमता विकास कृषक प्रशिक्षण का आयोजन भी किया गया ! जिसमें एसएडीओ मंजेश त्यागी एवं ए.ई.ओ.सुमित गुप्ता द्वारा कृषि विभाग की योजनाओं एवं खरीब फसलों की तैयारी के संबंध में जानकारी दी गयी !

रणजीत टाइम्स





## मध्यप्रदेश ब्यूटी पेजेंट में डॉ. निकिता चोंगड बनी मिसेस सिल्वर सेकंड रनरअप

22 जून को क्रिसेंट रिसॉर्ट सीहोर में अयोजित हुआ मिस्टर, मिस, मिसेज, मध्य प्रदेश सीजन 3 का ग्रैंड इवेंट जिसका हमारी इंदौर की डॉ. निकिता चोंगड मिसेज सिल्वर कैटेगरी में सेकेंड रनर अप रह इंदौर का नाम रोशन करा जो कि इंदौर से अकेली विजेता रही सिल्वर कैटेगरी में, इसके साथ ही इन्होंने मिसेज बॉडी ब्यूटीफुल का ताज भी अपने नाम किया। ये पेजेंट फराह अनवर की द पेजेंट इंडिया कंपनी द्वारा किया गया जिसके विजेता मिस्टर कैटेगरी में जय शाह (भोपाल), मिस कैटेगरी में हिमांशी (ग्वालियर), मिसेज सिल्वर कैटेगरी में गजल (भोपाल), मिसेज गोल्ड कैटेगरी में रूपाली (इंदौर) रहीं।

# सोशल मिडिया के माध्यम से व्हाट्स-अप पर अश्लील विडियो (चाईल्डपोर्नोग्राफी) डाउनलोड करने एवं शेयर वाला आरोपी ईरशाद निवासी खजराना इंदौर राज्य सायबर सेल इन्दौर की गिरफ्त में

- व्हाट्स-अप इंक युनाईटेड स्टेट द्वारा प्रदाय जानकारी में चिन्हित था अपराधी ।
- आरोपी 60 वर्षीय प्रौढ होकर स्कुलीय छात्र-छात्राओं को घर से स्कुल लाने एवं ले जाने का काम करता है जिसके संबंध में संबधित स्कुल को सूचना दी जाकर आवश्यक कदम उठाये जाने हेतु पत्र लिखा जायेगा। आरोपी ईरशा
- चाईल्ड पोनोग्राफी से संबंधित कंटेंट व्हाट्स-अप के माध्यम से शेयर कर रहा था।

जिसकी सायबर टिपलाईन शिकायत युनाईडेट स्टेट द्वारा स्टेट सायबर सेल इन्दौर को प्राप्त हुई थी ।

- व्हाट्स-अप इंक युनाईटेड स्टेट द्वारा दी गयी थी जानकारी ।
- आरोपी द्वारा व्हाट्स-अप के माध्यम से प्रतिबंधित अश्लील विडियो (चाईल्ड-पोर्नोग्राफी) को डाउनलोड करके अन्य युजर को शेयर कर रहा था ।
- अपराध से बचने के लिये आरोपी द्वारा उपयोग किया गया मोबाईल प्रयुक्त मोबाइल फोन फारमेंट कर दिया।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय भोपाल, श्री ए.साई मनोहर के निर्देश पर एवं उप पुलिस महानिरीक्षक, राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय भोपाल, श्री यूसुफ कुरैशी के पर्यवेक्षण में तथा पुलिस अधीक्षक, राज्य सायबर सेल इंदौर, श्री सव्यसाची सराफ राज्य सायबर पुलिस जोन इंदौर द्वारा पुराने सायबर अपराधो में अपराधियो की धरपकड के संबंध में दिये गये दिशा-निर्देशो पर से उप पुलिस अधीक्षक, श्री नरेंद्र सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में निरीक्षक दिनेश वर्मा एवं उनकी टीम के उनि E.S. चौहान एवं आर. राकेश बामनिया के द्वारा गहन तकनीकी विश्लेषण करते हुये भारत सरकार गृह-मंत्रालय के सायबर टीपलाईन के माध्यम से प्राप्त हुई शिकायत में जिसमें नाबालिग बच्ची के साथ यौन शोषण करते हुये अश्लील विडियो डाउनलोड करने एवं शेयर की जानकारी पर से अपराध क्रमांक 186/22 धारा 67 बी आई.टी. एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । अपराध की गंभीरता को देखते हुये तकनीकी विश्लेषण कर आरोपी इरशाद अहमद पिता मकसुद अहमद, उम्र 60 साल, निवासी 12/1 मोमिनपुरा, खजराना, इंदौर म.प्र. की पतारसी कर शिकंजे में लेकर अपराध के संबंध में पुछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि उसे चाईल्ड पोनोग्राफी से संबंधित विडियो व्हाट्स-अप के माध्यम से प्राप्त हुआ था जिसे डाउनलोड करने के बाद उसके द्वारा अन्य व्यक्ति को शेयर किया गया था। आरोपी से अपराध में उपयोग किया मोबाइल फोन जप्त किया गया। अपराध से बचने के लिये आरोपी द्वारा अपराध में उपयोग किया गया मोबाइल फोन फार्मेट करने पर अपराध में धारा का इजाफा किया गया ।

सराहनीय भुमिका - निरीक्षक दिनेश वर्मा, उनि E.S. चौहान एवं आर. राकेश बामनिया

सावधानिया –

1 सोशल मिडिया पर आई ब्लयु कलर की लिंक पर क्लिक ना करे ।

2 व्हाट्स-अप / टेलीग्राम पर किसी भी चाईल्ड-पोनोग्राफी / पोर्न विडियो प्रसारित करने वाले ग्रुप से ना जुडे ।

3 किसी भी प्रकार के अश्लील कंटेंट को सोशल मीडिया पर अपलोड, डाउनलोड एवं प्रसारित करना कानूनन अपराध है ।

4.यदि किसी सोसल मीडिया प्लेटफार्म पर नाबालिक बच्चो के अश्लील कंटेंट अपलोड है तो उसकी शिकायत WWW CYBERCRIME.GOV.IN पर करे साथ ही साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर भी शिकायत कर सकते है ।

# कैसे हो गोलू.. ?

## " विधायक शुक्ला से मिलने अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री

इंदौर-3 के विधायक राकेश शुक्ला उर्फ गोलू इन दिनों अस्वस्थ चल रहे हैं और अपोलो अस्पताल में उपचाररत हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खुद अस्पताल पहुंचे और उन्होंने शुक्ला का हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने न केवल शुक्ला से मुलाकात की, बल्कि उनके स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी भी ली।

सीएम का स्नेहभरा अंदाज, बोले – "कैसे हो गोलू..?"

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मुलाकात के दौरान आत्मीय अंदाज नजर आया। उन्होंने शुक्ला को देखा तो स्नेहपूर्वक पूछा – "कैसे हो गोलू?" यह दृश्य राजनीतिक गरिमा से कहीं अधिक एक निजी अपनापन लिए हुए था।



कालूसिंह ठाकुर का भी जाना हाल-मुख्यमंत्री ने अस्पताल में कालूसिंह ठाकुर से भी मुलाकात की और उनकी सेहत की जानकारी ली। कालूसिंह भी कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

बीमारी में भी निभाई 'राजनीतिक ड्यूटी'- बावजूद इसके कि विधायक शुक्ला की तबीयत ठीक नहीं है, वे हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के इंदौर दौरे के दौरान कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से मौजूद रहे। इतना ही नहीं, वे अगले ही दिन पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के साथ भी मंच साझा करते नजर आए।

पहले किया इनकार, फिर आया 'शिव सत्कार'- सूत्रों के अनुसार, शुक्ला ने पहले स्वास्थ्य कारणों से पूर्व सीएम शिवराजसिंह चौहान से मुलाकात से इनकार कर दिया था। मगर जैसे ही वरिष्ठ नेताओं के फोन पहुंचे, उन्हें स्थिति के अनुरूप 'शिव सत्कार' करना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम में एक बार फिर यह साबित हुआ कि राजनीति में स्वास्थ्य भले ही प्राथमिक हो, लेकिन 'कर्तव्य' कभी छुट्टी नहीं लेता। अब सभी की नजरें इस पर टिकी हैं कि विधायक शुक्ला जल्द स्वस्थ होकर फिर सक्रिय राजनीति में लौटें।

## कार में ही तड़पते रहे 62 साल के किसान की मौत



इंदौर देवास रोड पर डेढ़ घंटे जाम में फंसे रहे परिजन ने उठाए सवाल इंदौर देवास रोड पर आज शुक्रवार को लंबे जाम में फंसे इंदौर के एक बुजुर्ग किसान को कार मे घबराहट हुई ! जाम इतना लंबा था कि उनकी कार डेढ़ घंटे तक फंसी रहेगी उन्हें देवास के प्राइवेट अस्पताल ले जाएगा जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया किसान का नाम कमल पांचाल 62 निवासी सैटलाइट टाउनशिप बिजलपुर है

# कलेक्टर आशीष सिंह ने वर्षाकाल में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिये अधिकारियों की बैठक ली

### राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर में यातायात को हर हाल में सुचारू बनाने के लिये दिये निर्देश

### यातायात को सुचारू बनाने के लिये यातायात पुलिस, नगर निगम, होमगार्ड के विशेष दल रहेंगे तैनात।

### भारी वाहन चालकों से बायपास के वैकल्पिक मार्ग के उपयोग के लिये दी गई सलाह।



इंदौर में मानसून सत्र के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से आज कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने में संबंधित विभागों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में यातायात, नगर निगम, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर में यातायात को हर हाल में सुचारू बनाने के लिये निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये जिससे की वर्षाकाल में किसी भी परिस्थिति में यातायात बाधित नहीं हो, जाम नहीं लगे।

बैठक में श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि वर्षा काल में यातायात सुचारू रखने के लिए विशेष निगरानी और व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। खास तौर पर राष्ट्रीय राजमार्ग (एबी रोड बायपास) पर ट्रैफिक की निर्बाध आवाजाही बनाए रखने की सख्त हिदायत दी गई। इस अवसर पर बताया गया कि बायपास पर निर्माणाधिन ओवर ब्रिज के कारण यातायात में समस्याएं आ रही है। निर्देशित किया गया कि निर्माणाधिन ओवर ब्रिज के डायवर्ट और सर्विस रोड़ पर आवश्यकता के अनुसार सुधार कार्य अतिशीघ्र किये जाये। बताया गया कि इन रोड़ों पर एनएचआई द्वारा तुरंत ही रोड़ सुधार का कार्य किया जायेगा। पेवर ब्लाक लगाकर सड़क सुधार का कार्य होगा।

बायपास के वैकल्पिक मार्ग

बैठक में बताया गया कि बायपास पर भारी वाहनों का लोड अत्यधिक होने से जाम की स्थिति बन रही है। इससे निपटने के लिये भारी वाहन चालकों को सलाह दी गई है कि वे बायपास के वैकल्पिक मार्ग का उपयोग इंदौर से बाहर जाने के लिये करें। इसके लिये तीन वैकल्पिक मार्ग सुझाएं गये है। बताया गया कि असुविधा से बचने के लिये भारी वाहन चालक एबी रोड़ पर देवास जाने के लिये मानपुर, घाटा बिल्लोद, लेबड़, बदनावर, बड़नगर, उज्जैन से देवास मार्ग का उपयोग कर सकते है। इसी तरह भोपाल जाने के लिये पुराने नेमावर रोड़ पर देवगुराड़िया, डबल चौकी, चापड़ा रोड़ का उपयोग किया जा सकता है। इसी प्रकार शिप्रा जाने के लिये डकाच्या, जयपुरिया मार्ग का उपयोग करे।

यातायात जाम से निपटने के लिये विशेष दल

कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने शहर की यातायात व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने शहर की मुख्य और अंदरूनी सड़कों पर जल-जमाव की समस्या को रोकने के लिए त्वरित जल निकासी की व्यवस्था करने और ड्रेनेज सिस्टम को सक्रिय रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए । इसके साथ ही सभी ट्रैफिक सिग्नलों को सुचारु रूप से चालू रखने के लिए सतत मॉनिटरिंग करने को कहा गया है। बैठक में बताया गया कि शहर में यातायात सुचारू बनाये रखने के लिये यातायात पुलिस द्वारा क्यूआरटी दल बनाये गये है। यातायात जाम की स्थिति होने पर यह दल तुरंत मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारू बनायेगा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने इस दल में नगर निगम और होमगार्ड के अमले को भी शामिल करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि झोनल अधिकारी भी सतत समन्वय रखें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि बारिश के दौरान किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें और आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े।

बैठक में तय किया गया कि वर्षाकाल के दौरान चालानी कार्रवाई नहीं की जायेगी।

# प्रकृति के माध्यम से ध्यान व संतुलन को प्राप्त करने का साधन है सहजयोग



मनुष्य के शरीर की संरचना प्रकृति के पंच तत्वों से हुई है। प्रकृति की सहायता से मनुष्य अपने भीतर सन्तुलन स्थापित कर सकता है। हमारे अंदर के सात चक्र प्रकृति के भिन्न-भिन्न तत्वों से ही बने हैं और इन्हीं की सहायता से हम सूक्ष्म तंत्र को शुद्ध कर सकते हैं। उदाहरण के लिए हमारे द्वितीय चक्र स्वाधिष्ठान की संरचना में अग्नि तत्व सहाय है। इसी चक्र से शुरु होती है दायीं ओर की नाड़ी जिसे पिंगला नाड़ी कहा गया है। पिंगला नाड़ी पर श्री हनुमान जी एवं श्री महासरस्वती की शक्ति विराजित है। यह कर्म की नाड़ी है, हमारी सारी सोचने की शक्ति एवं कर्म इसी नाड़ी द्वारा कार्यान्वित होते हैं। यदि व्यक्ति अतिशयता में जाकर इस तरफ ज़्यादा झुक जाता है, दिन-रात सोच-विचार, प्लानिंग, काम - काज में ही लिप्त रहता है, वह अति शुष्क हो जाता है, क्रोधी हो जाता है एवं परमात्मा से उतना ही दूर होता जाता है, वह अहंकार की चपेट में आ जाता है क्योंकि यही नाड़ी मस्तिष्क वाले भाग में जाकर अहंकार को दर्शाती है, मैं (अहंकार) के झूठे संसार में स्वयं के सुन्दर व्यक्तित्व को खो देता - है, आत्मा के प्रकाश से दूर चला जाता है अर्थात सत्य और शाश्वत तथ्य से दूर चला जाता है। सत्य तो ये है की हम केवल शुद्ध आत्मा है और अहंकार, मद, मोह सब झूठ है।

इस नाड़ी पर सूर्य की भी उपस्थिति होती है, इस नाड़ी के प्रति संतुलन रखने से मनुष्य तेजस्वी हो कर निखर जाता है, जब वह मानव कर्म और इस संसार के भौतिक सुखों की दौड़ को खेल समझ लेता है तो वह संतुलित हो, साक्षीभाव में इसे एक लीला मात्र के रूप में देखता है तो वह दाई ओर के सभी सुंदर गुणों से आशीर्वादित होता है और उसके कार्य परमात्मा की प्रेम शक्ति द्वारा स्वतः ही आयोजित होते है, उसे दिमाग दौड़ाने की आवश्यकता भी नहीं होती।

परंतु यह केवल शब्दों का खेल नहीं बल्कि अनुभव है। श्री माताजी द्वारा संस्थापित सहजयोग की नींव ही अनुभव है। परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी सभी साधकों को संबोधित करते हुए बताती हैं कि हमें बिना अनुभव के कुछ भी मान लेना नहीं चाहिए और इसीलिए कुण्डलिनी जागरण की सहायता से हम, परमात्मा की प्रेम शक्ति को अपने हाथों पर एवं तालु भाग पर अनुभव करते हैं, आकाश तत्व की सहायता से हम अपने दायें भाग को संतुलित करते हैं। ध्यान में बैठने से पहले हम माँ प्रकृति की सहायता से अपने दाएं एवं बाएं तरफ को संतुलित करते है एवं मध्य में परमात्मा की शक्ति से जुड़ते है। सहजयोग ध्यान पूर्णतः निःशुल्क है। यदि आप भी इसे अनुभव करना चाहते चाहते है तो sahajayoga.org.in पर जाए या कॉल करे हमारे टोल फ्री नो. पर 1800 2700 800

# शराब ठेकों, थानों के बाद अब इंदौर के हर घर पर चिपकाएंगे क्यूआर कोड...

**राजेश धाकड़**

डिजिटल इंदौर की ओर एक और कदम, हर मकान होगा स्मार्ट इंदौर। QR कोड का इस्तेमाल अब सिर्फ दुकानों और ऑनलाइन पेमेंट तक सीमित नहीं रहा। शराब ठेकों पर बोतल की कीमत से लेकर थानों में पुलिस के आचरण पर फीडबैक देने तक, QR कोड का उपयोग तेजी से बढ़ा है। अब इस डिजिटल तकनीक को इंदौर के हर घर की पहचान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है।

घर-घर चिपकेगा QR कोड, मकान से जुड़ी जानकारी एक क्लिक पर

इंदौर नगर निगम शहर के 4.5 लाख से अधिक मकानों के डिजिटलीकरण की योजना पर काम शुरू कर चुका है। हर घर पर एक यूनिक QR कोड चिपकाया जाएगा, जिसे स्कैन करते ही उस मकान से जुड़ी संपत्ति कर, लोकेशन और अन्य सीमित जानकारी एक डिजिटल पेज के जरिए सामने आ जाएगी।

29 जून से वार्ड 82 में शुरुआत, इंदौर देश का पहला शहर बनेगा

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जानकारी दी कि इस परियोजना को भारत सरकार के DigiPIN प्लेटफॉर्म से जोड़ा जा रहा है और इसकी शुरुआत वार्ड 82 से की जाएगी। 29 जून से ये कार्य जमीनी स्तर पर शुरू हो जाएगा। GPS से भी सटीक, इमरजेंसी में भी मददगार,नगर निगम का दावा है कि यह तकनीक GPS से अधिक सटीक है और इससे निजता भी बनी रहेगी। आपात स्थिति में नागरिक एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड या पुलिस को सीधी और सटीक लोकेशन भी भेज सकेंगे।

क्या होगा इस QR कोड से फ़ायदा?
मकान का डिजिटल रिकॉर्ड
सही लोकेशन शेयरिंग
आपातकालीन सेवाओं की आसान




पहुंच,संपत्ति कर भुगतान में पारदर्शिता
वार्ड स्तर पर डेटा मैनेजमेंट आसान
क्या लगेगा इसके लिए शुल्क?

फिलहाल महापौर ने स्पष्ट किया कि QR कोड सेवा के लिए नागरिकों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। अब देखना यह होगा कि 'प्रयोगशाला शहर' कहे जाने वाले इंदौर में यह डिजिटल प्रयोग कितना सफल होता है। अगर यह मॉडल कारगर हुआ, तो देश के अन्य शहरों के लिए एक मिसाल बन सकता है।

# शिव साईं समिति व सामाजिक संगठनों ने किया अमरनाथ यात्रियों व भोला भण्डारा परिवार का स्वागत

## यह हमारा नही स्वयं बाबा भोलें का सम्मान है - पवन नाहर

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

थांदला। डूंगर मालवा प्रान्त के सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य जैमिनी शुक्ला व पण्डित दुर्गेश महाराज के अनुसार जब कोई भोलें बाबा के कार्य हेतु किन्ही दानदाताओं के पास जाता है तो उस दानदाता के द्वारा सहायतार्थ बड़ी राशि देना भी सुलभ होते हुए भी कंजूसी कर ली जाती है तो कभी किसी द्वार पर अपमानित भी होना पड़ता है फिर भी भोलें भक्त अपमान का घुट बाबा के लिए पी जाते है व सोचते है कि यह अपमान हमारा नही अपितु स्वयं बाबा का हुआ है।

इसी प्रकार अनेक समाजसेवी दानदाता ऐसे भी होते है जो इन भोलें भक्तों को सिर माथे पर बिठाते हुए इनका आदर - सम्मान - सत्कार करते है। लेकिन ऐसी परिस्थिति में भी भोलें भक्त अहंकार का भाव मन में लाये बिना यही सोचे कि यह सम्मान मेरा नही स्वयं बाबा भोलें का है तभी





सेवा कार्य का पुण्य मिलता है उक्त उद्गार भोलें भण्डारा परिवार के वरिष्ठ सदस्य पवन नाहर ने थांदला के समाजसेवी सौलंकी परिवार के बन्धु बेलड़ी दिनेश व नीरज सौलंकी के निज निवास व ओंकारेश्वर साईं मंदिर परिसर पर शिवशक्ति साईं मंदिर समिति द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के लिए कहे। नाहर ने कहा कि वास्तव में यह पुण्य कार्य है कि दाहोद विक्की भैया ने थांदला में हमें सेवा कार्य के लिए चुना व पूरे डुंगरप्रान्त के जन सहयोग से सामग्री से भरा ट्रक आज चंदनवाड़ी में पहुँच चुका है व हमारा 24वाँ भण्डारा तैयार हो रहा है। इस कार्य में सेवा सहयोग देने वालें सभी सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए श्रीमंत अरोड़ा, एमडी चौहान, आत्माराम शर्मा व मनीष अहिरवार ने भी सम्मान करने वालें सभी बन्धुओं के प्रति धन्यवाद दिया। इस अवसर पर समाजसेवी दिनेश सौलंकी ने कहा कि वो भक्त धन्य है जिन्हें भोलें बाबा व मातारानी ने बुलाया है ऐसे में हम आप सबमें बैठें उन परमात्मा के दर्शन कर कुछ लाभ ले ले। साईं समिति के अध्यक्ष महेश गढ़वाल ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि में भी इस बार पहले जत्थे में अमरनाथ यात्रा को जा रहा हूँ ऐसे में सभी शिव साईं भक्तों की भावना थी कि सबका मंदिर समिति कि ओर से सम्मान किया जाए। समारोह में दोनों ही स्थानों पर आयोजन समिति ने दुप्पटा ओढ़ाकर फलाहार करवाते हुए सभी का सम्मान किया। इस अवसर पर जय भोले बाबा बर्फानी की वार्षिक अमरनाथ यात्रा पर जा रहे अमरनाथ यात्रियों का नीरज जी सोलंकी के सन फ्रेंड गारमेंट्स पर सनातन धर्म के प्रतीक दुपट्टा पहनाकर और जलपान से भव्य और आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर भोला परिवार के मोहन चौहान ललित शर्मा, किशोर पड़ियार, अमृतलाल चौहान, शैलेंद्र चौहान, सोहनसिंह परमार, राकेश जोझा, विजय मालवीय, मनीष जैन, पंकज खतेड़िया, अश्विन सौलंकी, रमेशचंद्र हीहोर आदि का सम्मान किया गया आयोजन समिति से जीवनलाल चौहान, पंडित कैलाश आचार्य, बाबूभाई प्रजापत आदि भी उपस्थित थे।

# जैन सोशल ग्रुप संगिनी मैत्री पेटलावद की एक दिवसीय यात्रा सम्पन्न

### उक्त यात्रा में रतलाम के व्रद्वाश्रम में दी अपनी सेवाएं व लिया बुजुर्गों का आशीर्वाद व किया अन्न सामग्री का वितरण

### जीवनसंगिनी मैत्री की संस्थापक अध्यक्षा श्वेता कटकानी व अध्यक्षा रीना मुथा ने जताया अपनी पूरी टीम के प्रति आभार




**दैनिक रणजीत टाइम्स**

पेटलावद । जैन सोशल ग्रुप संगिनी मैत्री पेटलावद द्वारा गत दिवस एक दिवसीय यात्रा का आयोजन किया गया।उक्त यात्रा में रतलाम के अन्नक्षेत्र व्रद्धाश्रम में संगिनी मैत्री ग्रुप ने वृद्ध लोगो से मिलकर उनकी सेवा कर वहां जरूरत की चीजें उपलब्ध कराकर वहां अन्नदान किया। इस अवसर पर उक्त टीम ने करमदी जैन तीर्थ व शीतल तीर्थ डेलनपुर पहुँचकर धर्मलाभ भी लिया व ग्रुप द्वारा आगामी दिनों में किये जा रहे कार्यो की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर ग्रुप की संस्थापक अध्यक्षा श्वेता कटकानी व ग्रुप अध्यक्षा रीना मुथा ने अपनी पूरी टीम के प्रति आभार जताया।उक्त यात्रा में ग्रुप की ममता मांडोत,सोनाली जैन,सरिता पितलिया, अमिता भंडारी,अल्पना पटवा, सोनू भंडारी,सरिता चाणोदिया, रचिता मूणत आदि सहित ग्रुप की सदस्या ने उक्त यात्रा में अपनी सहभागिता की।

# अवसर मंगल प्रवेश



### अच्छे कर्म वालो का भगवान भंडार भर देते हे। - सुमंत्रसागर

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

राणापुर ।लगभग दो युगों के बाद धर्ममय नगरी राणापुर में दिगंबर जैन समाज के चतुर्थ पट्टधर आचार्य श्री सुनील सागर जी के परम शिष्य मुनि श्री सुमंत्र सागर जी महाराज के चातुर्मास का सौभाग्य प्राप्त हुआ । मुनिश्री ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बुरे या अशुभ कर्म करने वाला व्यक्ति धनवान हो सकता हे लेकिन परमात्मा की कृपा उस पर नहीं होती।लेकिन जो व्यक्ति धन की कमी होने के बाद भी अच्छे कर्म कर रहा हे,परोपकार में सलंग्न हे, तप जप में लगा हुआ हे उसका भगवान जरूर साथ देता हे।भगवान भक्त से साक्षात्कार भी करता हे।मुनिश्री ने इस तप आराधना वर्षायोग में श्रावक श्राविकाओं से शक्ति अनुसार तपस्या करने का भी आव्हान किया।

प्रातः से ही नगर की गलियों में जैन ध्वज लगे वाहन घूम रहे थे।समाज के पुरुष श्वेत वस्त्र ओर महिलाएं लाल पोशाक में हाथों में ध्वज ओर सिर पर कलश उठाए मुनि श्री की आगवानी में चल पड़ी थी। झाबुआ की ओर से प्रवेश के मंगलमय अवसर पर अग्रवाल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष पवन एम अग्रवाल के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठ ओर तप आराधना चातुर्मास कमेटी के पदाधिकारियों ने मुनिश्री के चरणों में श्रीफल अर्पित करते हुए मुनिश्री की आगवानी की। बैंड के मधुर भक्ति गीत ओर ढोल की थाप पर थिरकते समाज जन जय जयकारों के जयघोष से आसमान गुंजायमान कर रहे थे। पश्चात भव्य जुलुश नगर के विभिन्न मार्गो से निकाला गया, जो अग्रवाल भवन आकर धर्मसभा में परिवर्तित हुआ। मुनि श्री की हर घर पर अक्षत श्रीफल से गहुलि की गई। जुलूस में सबसे आगे दो अश्व जिस पर जैन धर्म की पताका लहराते हुए चल रहे थे। नगर परिषद के पार्षदों ओर अध्यक्ष ने भी मुनिश्री से आशीर्वाद लिया।

2 जुलाई को मुनिश्री का तेंतीस वा जन्मदिन भव्यता के साथ मनाया जावेगा।इसी दिन चतुर्मास की स्थापना मंगल कलश स्थापित किया जाएगा चातुर्मास में मुनिश्री 98 दिवसीय वृहद मृदंगमध्य व्रत तप आराधना करेंगे जिसमें मात्र 17 दिन आहार चर्या होगी शेष 81 दिन उपवास करेंगे।

# कर्बला मैदान पर मेला आयोजन के लिए अब नगर निगम से लेनी होगी अनुमति- महापौर पुष्यमित्र भार्गव

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

इंदौर, कर्बला मैदान पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मेले को लेकर अब नगर निगम की पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि कर्बला मैदान नगर पालिक निगम इंदौर की मालिकाना जमीन है, और इस पर किसी भी प्रकार का आयोजन नगर निगम की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता।

महापौर ने बताया कि न्यायालय द्वारा ताजिए ठंडे करने की अनुमति दी गई है, अतः समाज को इस धार्मिक प्रक्रिया को करने की स्वतंत्रता है। लेकिन यदि मेला लगाना है, तो उसके लिए आयोजकों को नगर निगम में विधिवत आवेदन प्रस्तुत कर निर्धारित शुल्क जमा करना होगा,



तभी उस पर विचार कर अनुमति दी जाएगी। महापौर भार्गव ने कहा, "नगर निगम यह तय करेगा कि नगर निगम की भूमि पर कौन-सा आयोजन हो सकता है और कौन-सा नहीं। न्यायालय के आदेशानुसार धार्मिक परंपरा पूरी की जा सकती है, लेकिन मेले जैसे आयोजन बिना अनुमति के नहीं होंगे।" इस विषय को लेकर विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों ने महापौर से भेंट की। महापौर ने उन्हें स्पष्ट रूप से कहा कि यदि वे मेला लगाना चाहते हैं, तो नगर निगम को आवेदन दें। निगम उस पर नियमों के तहत निर्णय करेगा।नगर निगम की ओर से यह कदम सार्वजनिक भूमि के सुव्यवस्थित उपयोग और कानूनी प्रक्रिया के पालन को सुनिश्चित करने हेतु उठाया गया है।

# डॉ. पं. सत्यार्थी को जांगीड गौरव सम्मान

**दैनिक रणजीत टाइम्स**




नागदा जं. I नागदा के उच्च श्रेणी शिक्षाविद्, साहित्यकार, मालवी कवि डॉ. पं. लक्ष्मीनारायण सत्यार्थी का 22 जून रविवार को रविन्द्र नाट्य ग्रह इन्दौर के विशाल सुसज्जित सभागृह में आयोजित अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा दिल्ली की त्रैमासिक बैठक व अ.भा. जांगिड ब्राह्मण प्रदेश सभा मध्यप्रदेश की नवगठित कार्यकारिणी के शपथ विधि समारोह में झुझारसिंह खर्रा (शहरी विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री (राजस्थान सरकार) के मुख्यातिथ्य में तथा कैलाश विजयवर्गीय (केबिनेट मंत्री) के अतिविशिष्ट आतिथ्य तथा शंकरदास ललवानी (सांसद) गोलू शुक्ला(विधायक) व पुष्यमित्र (महापौर-नगर निगम इन्दौर) के विशेषातिथ्य मे व रामपाल शर्मा (प्रधान अ.भा. जांगिड ब्राह्मण महासभा दिल्ली) की अध्यक्षता में व प्रभुदयाल बरनेला प्रदेशाध्यक्ष म.प्र. के निर्देशन में, रतन लाडना (प्रदेश प्रभारी), अनिल शर्मा (महामंत्री) व रतन जांगिड द्वारा उपवस्त्र, मणिमाल व स्मृति चिन्ह भेंट कर जांगिड गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान कैलाशचन्द्र बरनेला, रविशंकर शर्मा, महामंत्री साबरमल जांगिड एवं 16 प्रदेशो के प्रदेशाध्यक्ष मंचासीन थे। "जानकारी देते हुए हेमन्त सूर्यवंशी ने बताया कि डॉ. पं. सत्यार्थी को यह सम्मान अ.भा. जांगिड ब्राह्मण महासभा के पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री के पद पर रहकर महासभा दिल्ली व प्रदेश सभाओं का कुशल संचालन व महासभा दिल्ली की मासिक पत्रिका जांगिड ब्राह्मण में निरन्तर अपने लेखन से सामाजिक चेतना जगाने, युवा वर्ग को प्रदेश सभाओं में जोड़कर समाज में रचनात्मक कार्यक्रमो को मूर्त रूप देने, व्यवसायिक शिक्षा के प्रति रूचि बढाने, सामाजिक समस्या ओं के निदान हेतु पत्र लेखन करने, नारी सशक्तिकरण सम्बन्धि आयोजको को मूर्त रूप देने पर समाजसेवा हित जांगिड गौरव सम्मान से सम्मानित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

डॉ. पं. सत्यार्थी की इस उपलब्धि पर आदित्य विद्या मंदिर विद्यालय परिवार के प्रीति कमलेश जायसवाल, रूबी आनन्द, आसिफ हुसैन, दिनेश मीणा, जितेन्द्र अग्रवाल, योगेश शर्मा, एरिक नायडू, रविराज शर्मा, संयम सोनी, विशाल साहनी, पवन प्रजापत, नमन जायसवाल, वन्दना शर्मा, दीपिक सोनी, अनुष्का जोशी, राजकुमारी सोनी, पूजा साहनी ने हर्षता जता बधाई दी। वही हिन्दी प्रचार सेवा समिति, मंत्रणा साहित्यिक संस्था व आर्य समाज नागदा के सभासदो सदस्यो ने भी बधाई दे मंगलमयी जीवन की कामना की।

# राणापुर मे बेखौफ चल रहा नशे का काला कारोबार, जनता की मांग लगे नशे पर लगाम

## सिसिटीवी के अभाव मे गली मोहल्लों मे बीक रहा ड्रग्स

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

राणापुर I राणापुर के गली मोहल्लों मे अवैध ओर जानलेवा नशे का काला कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। इसकी चपेट मे कई परिवार बर्बाद हो गए है, तो कुछ बर्बादी की कगार पर है। युवा तेजी से जानलेवा नशे की चपेट मे आ रहे है, नशे के प्रति शहर के युवाओं की बढ़ती प्रवृत्ति और शहर मे आसानी से उपलब्ध नशे को लेकर 3 बार स्थानीय रहवासी थाने का घेराव कर चुके है। जनता के उग्र प्रदर्शन को देख पुलिस ने मुहीम भी छेड़ी थी, सप्ताह भर तक नशेड़ी और विक्रेता दोनों भूमिगत हो गए थे।

लेकिन पिछले कुछ दिनों से शहर मे ये ड्रग ओर पाउडर विक्रेता तथा नशेड़ी फिर से सक्रिय हो गए। बाजारों में सीसीटीवी कैमरों की सख्त आवश्यकता - शहर की स्थिति को देख कुछ सामाजिक कार्यकर्ता भी नगर के युवाओं की जिंदगी को बचाने में आगे आए है, इधर, नशे की रोकथाम को लेकर सभी सामाजिक संगठनों के सक्रिय सदस्यों ओर पदाधीकारियों ने एकमत होकर कहा कि राणापुर में विगत एक माह से पुनः ब्रॉउन शुगर (पाउडर) का व्यापार नगर की कई गलियों में हो रहा है। जिसमें कुछ पुरुष



ओर महिला भी इस व्यापार में लगे है। आसपास के जिलों से, रतलाम, मंदसौर, इंदौर जैसे शहरों से पाउडर लाकर नगर के बाजारों में इसकी बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। नशे के काले कारोबारियों के गिरेबान अबतक पुलिस के हाथो से दूर है।

सीसी टीवी कैमरों का अभाव तरुण परिषद के राष्ट्रीय सदस्य अवि सकलेचा बताया कि नगर के मुख्य बाजारों में सीसीटीवी कैमरों की सख्त आवश्यकता है। वारदात के समय निजी घरों या दुकानों पर लगे निजी कैमरों की फुटेज निकाली जाती है। पुलिस विभाग को मुख्य बाजारों ओर चौराहों पर कैमरे कि व्यवस्था करना चाहिए। पूर्व पार्षद नारायण जैन ने बताया कि यह व्यापारी इतने शातिर है कि अपने पास कम मात्रा मे माल रखते है। कम मात्रा में पाउडर पकड़ने के चलते बड़ी धारा लगने से बच रहे है। नशे के आदि युवाओं ने बताया कि पेडलर फ़ोन पर व्यापार करते है, इनका एक स्थान तय नहीं है, शहर भर मे घूमते फिरते ये लोग ड्रग्स बेच रहे है।ये पेडलर 20 ग्राम से कम पाउडर अपने पास रखते हे, बचा माल छुपा कर रख देते है।

### मां शक्ति महिला मंडल की सदस्यों ने कहा कि

नशे के कारोबार में पहले भी राणापुर की जनता ने राणापुर पुलिस को अवगत करवाया था और उन्हें कुछ कामयाबी भी मिली, पुलिस ने पूर्ण रूपसे राणापुर में इस काले कारोबार को बंद करने का आश्वासन दिया, लेकिन आज भी ये करोबार चल रहा है। इसे तुरंत बंद करने के प्रयास तेज होना चाहिए। पाउडर के विक्रेता ऐसे प्रतिष्ठित चौराहों ओर गलियों में बैठते घूमते हे ताकि कोई शक न कर सके।पुलिस थाना प्रभारी ने शीघ्र कार्रवाई करने का कहा है। कमलेश नाहर ने पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ला से भी आग्रह किया कि थाने में स्टॉप ओर ट्रैफिक जवान की बढ़ोत्तरी की जाए। पूर्व में चलने वाली प्रक्रिया चिता को पुनः चालू किया जाए। थाना प्रभारी दिनेश रावत ने कहा की कारोबार की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है, मैंने अपनी पूरी टीम को सक्रिय कर दिया है। शीघ्र ही सभी पर करवाई की जाएगी। नगर के प्रबुद्ध जन भी हमें सहयोग दे।

# सीएम डॉ यादव और डॉ पांडे की गुफ्तगू और उद्योगपतियो द्वारा मिली सौगात से रतलाम को नई दिशा मिली

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

रतलाम। रतलाम व जिले के लिए हर दृष्टि से शुक्रवार बेहतर रहा। देश प्रदेश के बड़े बड़े नामचीन उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की मौजूदगी में निवेश करने की घोषणा की। कैबिनेट मंत्री चैतन्य कश्यप की पहल पर रतलाम में रोजगार के अवसर दिलाने के प्रयासों से चारों और हर्ष रहा। इसी के साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय की आधार शिला भी रखी गई। ताकि नए भवन में संगठनात्मक गतिविधियों का भी संचालन अब एक अच्छे वातावरण में होगा। इधर सीएम डॉ यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष के इस दौरे से जिले की राजनीति में भी एक नई ऊर्जा देखने को मिली। भाजपा कार्यालय के भूमिपूजन कार्यक्रम में वीडी शर्मा भाषण दे रहे थे तब सीएम डॉ यादव व जावरा विधायक डॉ.राजेंद्र पांडे के बीच काफी देर गुफ्तगू चली। मंच पर प्रसन्नमुद्रा में दोनो की चर्चा एक बड़ा राजनीतिक संदेश दे गई।

अब इन दोनों नेताओं के बीच क्या खिचड़ी पकी यह तो नहीं पता लेकिन कुछ तो है...जो दिख तो रहा लेकिन हर किसी को एकाएक पता नहीं चला कि माजरा क्या है...? डॉ.पांडे तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के अतिप्रिय विधायकों में से एक गिने जाते थे। अब डॉ यादव ने उन पर प्रेम बरसाकर पांडे का राजनीतिक कद भी और बढ़ा दिया है। जिसकी चर्चा जिले की राजनीति में होने लगी है। वहीं मंत्री चेतन कश्यप ने भी सफल आयोजन कराकर अपने नंबर और




बड़ा लिए है। कुल मिलाकर यह आयोजन सरकार एवं संगठन के लिए नई ऊर्जा का संचार कर गया है।

# मतदान समाप्त होने के 48 घण्टे पूर्व शराब की बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध




**दैनिक रणजीत टाइम्स**

खरगोन I मध्यप्रदेश में नगरीय निकायों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध) के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खरगोन जिले के भीकनगांव नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 05 में 07 जुलाई 2025 मतदान को होगा, जबकि मतगणना और परिणामों की घोषणा 10 जुलाई 2025 को की जाएगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत भीकनगांव नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 05 में उपचुनाव हो रहा है और उससे लगी ग्राम पंचायतों व नगर की सीमा से 3 किमी तक के दायरे में स्थित शराब दुकानों को मतदान समाप्त होने के समय से 48 घंटे पूर्व से बंद रखा जाएगा तथा इस अवधि में शराब की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। यह व्यवस्था मतदान और मतगणना के दौरान शांति व निष्पक्षता बनाए रखने के लिए लागू की गई है।

# फेसबुक पर फेक आईडी से पहचान बनाकर पीड़ित के साथ ब्लेक मेल कर बलात्कार के आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

**दैनिक रणजीत टाइम्स**



खरगोन I अतिरिक्त लोक अभियोजक राजकुमार अत्रे ने बताया कि अभियुक्त पवन पिता धर्मेंद्र मीणा आयु 21 वर्ष निवासी खंडीप वजीरपुर जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान) के विरुद्ध माननीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश श्री राजकुमार यादव साहब ने , अपराध धारा 376(2)N ,506(2) भारतीय दंड संहिता एवं धारा 67(क) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत प्रस्तुत अभियोग पत्र में विचारण के पश्चात अभियुक्त पवन को तीनों धाराओं में दोषी पाते हुए क्रमशः 10 वर्ष , 2 वर्ष एवं 3 वर्ष के कठोर कारावास एवं कुल दस हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। तीनों सजाए साथ साथ चलेगी।। पुलिस अनुसंधान अनुसार अभियुक्त पवन ने लड़की के नाम से फेक आईडी बनाकर ग्रामीण पीड़िता को अपने जाल मे उलझाया फिर करीब छः माह बाद अपनी पहचान उजागर कर अभियुक्त ने पीड़िता को बदनाम करने तथा स्वयं आत्महत्या कर पीड़िता को फंसाने की धमकी देकर मिलने को बुलाया। पीड़िता अभियुक्त के डर से 15.09.19 को उससे स्नेह-वाटिका खरगोन के पास एक मकान में मिली जहां अभियुक्त पवन ने नशीली मिठाई खिलाकर पीड़ित के साथ बलात्कार किया एवं उसका अश्लील विडियो और फोटो लेकर बाद में उसे ब्लेकमैल करने लगा। इसी दौरान पीड़ित की सगाई होने की सूचना मिलने पर अभियुक्त ने उसके मंगेतर को फोन किया तथा पीड़ित से रिश्ता तुड़वा दिया। अंततः पीड़ित ने अपने परिवार को अभियुक्त की धमकी के जरिए उसके साथ किए जा रहे ब्लेक मेल और शारिरिक शोषण की सूचना दी, जिसके बाद महिला थाने में अभियुक्त के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कराया गया।अपराध अनुसंधान उपनिरीक्षक सुनीता मुजाल्दा ने करते हुए अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोग पत्र की सुनवाई में अभियोजन ने लगभग 15 साक्षियों के कथन दर्ज कराए । माननीय तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश श्री राजकुमार यादव ने सुनवाई पश्चात अभियुक्त पवन को दोषी पाते हुए तीनों अपराध धाराओ मे कठोर कारावास की सजा सुनाई।

# आगामी त्यौहार मोहर्रम को लेकर टीआई के नेतृत्व में निकाला फ्लैग मार्च

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

मक्सी/आगामी आने वाले त्योहार को मध्य नजर रखते हुए कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु कस्बा मक्सी में मोहर्रम पर्व को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना मक्सी टीआई भीम सिंह पटेल के नेतृत्व में माय फोर्स के मक्सी नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया जिसमें सायरन की आवाज से नगर में कानून व्यवस्था को सुचारू एवं सख्त रखने हेतु फ्लैग मार्च निकाला गया आपको बता दें कि मक्सी नगर में त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु थाना टीआई भीम सिंह पटेल के नेतृत्व में सतत अभियान चलाया जाता है उसी के नियमित आज मक्सी में फ्लैग मार्च निकाला गया था।



# सत्र 2025-26 में रिक्त पदों के विरुद्ध अतिथि शिक्षकों की होगी व्यवस्था

## स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किये निर्देश

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

उज्जैन । स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में रिक्त पदों के विरुद्ध ऑनलाइन माध्यम से अतिथि शिक्षक व्यवस्था के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं। यह कार्यवाही जीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से की जायेगी। निर्देशों में कहा गया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षक आमंत्रण के लिये प्रदर्शित रिक्तियाँ एजुकेशन पोर्टल-3.0 के अंतर्गत जीएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित की गयी हैं। प्रमाणित रिक्तियों के विरुद्ध ही शासकीय विद्यालय में अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी। अतिथि शिक्षक के प्रथम चरण की कार्यवाही 26 जून से शुरू हो गयी है। अतिथि शिक्षक की उपस्थिति रिक्वेस्ट का प्रमाणीकरण एक से 3 जुलाई तक किया जायेगा। पोर्टल पर द्वितीय चरण की संभावित समय-सारणी 5 जुलाई से शुरू होकर 12 जुलाई तक समाप्त हो जायेगी। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षक की कार्यवाही पूर्णतः ऑनलाइन है, किसी भी अतिथि शिक्षक को ऑफलाइन आमंत्रित नहीं किया जायेगा। अतिथि शिक्षक व्यवस्था के विस्तृत रूप से दिशा-निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग के एजुकेशन पोर्टल-3.0 पर देखे जा सकते हैं।

# राज्य शासन से नियुक्त नोडल अधिकारी ने शाजापुर में

## जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण किया

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शाजापुर I राज्य शासन से नियुक्त नोडल अधिकारी म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन भोपाल डिप्टी कमिश्नर श्रीमती अनिता वात्सल्य ने आज शाजापुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनपद पंचायत शाजापुर की ग्राम पंचायत देवलाबिहार, लड़ावद, लाहोरी मे डगवेल रिचार्ज पीट निर्माण कार्य एव ग्राम पंचायत गोपीपुर में प्रगतिरत हितग्राही मूलक खेत तालाब निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर अभियान के क्रियान्वयन एवं कार्य मे संलग्न जॉबकार्डधारी श्रमिकों एवं हितग्राहियों से चर्चा कर उक्त सरंचनाओ से होने वाले लाभ एवं जल सरंक्षण के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत शाजापुर से लेखाधिकारी श्री मोहित गुप्ता, जल गंगा संवर्धन अभियान सहायक नोडल श्री नितेश यादव, ब्लॉक डेवलपमेंट अधिकारी श्री नरेंद्र मेवाड़ा, प्रभारी सहायक यंत्री श्री रामलखन बैरवा, उपयंत्री श्री राहुलसिंह, श्री दुष्यंत जैन, एवं ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक सहित कार्य में संलग्न मनरेगा श्रमिक उपस्थित थे।



# नारकोटिक्स विंग की नशे खिलाफ जंग जारी




अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर इन्दौर नारकोटिक्स विंग कंट्रोल रूम मै एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जोनल डायरेक्टर एनसीबी इन्दौर रितेश रंजन गणमान्य नागरिक समाजसेवी मौजूद रहे छात्रों ने इसमें एहम भूमिका निभाई उनके द्वारा रिल्स,मीम्स, शार्ट फिल्म, नुक्कड़ नाटक, के माध्यम से लोगों को नशे के विरुद्ध संदेश देकर जागरूक किया ऐसे ही नारकोटिक्स विंग के द्वारा लगातार लोगों को जागरूक करने के लिए इन्दौर संभाग के अधिक स्कूलों, कालेजों, मोहल्लों, और विभिन्न क्षेत्रों मै रैली निकाल जागरूकता अभियान चलाएं गए जिसमें मुख्य रूप कार्यक्रमो की आवगमी करने वाले एडिशनल एसपी हेमलता अग्रवाल, डीएसपी संतोष हाडा, डीएसपी प्रति तिवारी, टीआई, खड़गे, टीआई, राधा जामोद, सब इंस्पेक्टर, अजय शर्मा, आरक्षक मुकेश चौहान, एवं अन्य नारकोटिक्स विंग टीम द्वारा प्रयास किया गया जिसके नतीजे पाज़िटिव भी देखने को मीले । आज़ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अति पुलिस महानिदेशक नारकोटिक्स राव ने मादक पदार्थों की रोकथाम और जागरूकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए mpplicenarcotics.in नामक एक नई वेबसाइट की घोषणा करते हुए बताया कि यह वेबसाइट मादक पदार्थों के बारे में जानकारी प्रदान करने और उनसे संबंधित सूचनाएं सांझा करने के लिए एक मंच के रूप मै कार्य करेंगी साथ ही एक वाट्स एप नम्बर भी सार्वजनिक किया 7049100785 जिसके माध्यम से लोग नशे की जानकारी विडियो फोटो भी भेज सकते उनकी पहचान गोपनीय रखी जायेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मै सिरकत की अति पुलिस महानिदेशक नारकोटिक्स भोपाल के पी वेंकटेश्वर राव अति उप पुलिस महानिरीक्षक महेश चंद्र जैन, उपस्थित रहे।

# सहजयोग ध्यान से आरोग्य रूपी सौभाग्य का उदय होता है

**आरोग्यं परमं भाग्यं स्वास्थ्यं सर्वार्थसाधनम् ॥**

उपरोक्त वर्णित सूत्र के अनुसार आरोग्य सबसे बड़ा भाग्य है तथा स्वस्थ शरीर से सभी साधनों को प्राप्त किया जा सकता है। परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी प्रणित सहजयोग में साधक जब शुद्ध इच्छाशक्ति जागृत कर इच्छा करता है तो उसे ये पवित्रतम आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है। उसे अपनी पंच ज्ञानेन्द्रियों द्वारा अपने आत्मनिरीक्षण की दिव्य कला प्राप्त होती है। सहजयोग साधक को सबसे प्रथम चीज आरोग्य प्रदान करता है। संस्कृत में एक लोकोक्ति है 'आरोग्यम धनसंपदा' अर्थात् निरोगी होना सबसे बड़ा सुख होता है। सहज योग ध्यान मे पारंगत होने पर हम अनेक बीमारियों से सहज ही निजात पा लेते हैं। हमारे शरीर में स्थित तीन प्रकार के तंत्रिका तंत्र, परानुकंपी ( parasympathetic nervous system ), अनुकंपी ( sympathetic nervous system ) तथा मध्य तंत्रिका तंत्र ( central nervous system ) तथा सात चक्रों पर आधारित है सहजयोग। ध्यान से जब हमारा मूलाधार चक्र यानि कि पेल्विक प्लेक्सस शुद्ध होकर पोषित होता तो हमें बद्धकोष्ठता, पाइल्स और प्रोस्टेट ग्रंथि से संबंधित सारी बिमारियों से निजात दिलाता है। द्वितीय चक्र स्वाधिष्ठान जब सहज योग ध्यान से पोषित होता है तो हमारी विचारधारा को नियंत्रित करता है, डायबिटीज़, दुःख - या चिंता देने वाले विचारों से छुटकारा दिलाकर हाई ब्लड प्रेशर जैसी बिमारियों से राहत दिलाता है। हमारे सभी चक्र शरीर के किसी न किसी अवयव से संबंधित हैं, इसलिये जब हम सहजयोग ध्यान करने लगते हैं तो हमें शारीरीक आरोग्य अनायास ही प्राप्त हो जाता है। हमारा सबसे महत्वपूर्ण चक्र है आज्ञा चक्र क्योंकि ये चक्र हमारे अहंकार को नियंत्रित करता है । हमें अगर शुद्ध आत्मज्ञान चाहिए तो हमें हमारे अहंकार व प्रतिअहंकार को परमात्मा के चरणों पर समर्पित करना होगा तब हमें आनंद के साम्राज्य में ले जाने वाला ये पवित्रतम आत्मज्ञान सहज ही प्राप्त हो जायेगा। सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं – 1800 2700 800 बेवसाइट - sahajayoga.org.in



दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की

अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स